प्रेस-नोट

भिवानी, 15 मई, 2023 : हरियाणा विद्यालय विद्यालय शिक्षा बोर्ड की फरवरी/मार्च-2023 में संचालित हुई सीनियर सैकेण्डरी (शैक्षिक) नियमित परीक्षार्थियों का परीक्षा परिणाम 81.65 फीसदी रहा है तथा स्वयंपाठी परीक्षार्थियों का परिणाम 52.44 फीसदी रहा है। बोर्ड अध्यक्ष व सचिव ने सभी छात्र-छात्राओं को उनके बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए हार्दिक बधाई दी। परीक्षार्थी अपना परीक्षा परिणाम आज सायं बोर्ड की अधिकारिक वेबसाईट www.bseh.org.in पर देख सकते हैं।

इस परीक्षा परिणाम की घोषणा बोर्ड अध्यक्ष डॉ० वी.पी.यादव एवं बोर्ड सचिव श्री कृष्ण कुमार, ह.प्र.से. ने संयुक्त रूप से आज यहाँ बोर्ड मुख्यालय पर आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस को सम्बोधित करते हुए की।

उन्होंने आगे बताया कि तीनों संकाय में प्रथम स्थान पर रही छात्रा नैंसी, नव भारत सीनियर सैकेण्डरी स्कूल, सिवानी मंडी, भिवानी ने 498 अंक प्राप्त किए। छात्रा जसमीत कौर, संत निक्का सिंह पब्लिक स्कूल, निर्मल धाम, करनाल ने 497 अंक प्राप्त करके द्वितीय स्थान हासिल किया है तथा कनुज, न्यू रॉयल सीनियर सैकेण्डरी स्कूल, जहांगीरपुर, झज्जर व मानसी सैनी, सैनी कन्या सीनियर सैकेण्डरी स्कूल,रोहतक तथा प्रिया, आर्य कन्या सीनियर सैकेण्डरी स्कूल, उकलाना मंडी, हिसार ने 496 अंक अर्जित करके तीनों छात्राओं ने तृतीय स्थान प्राप्त किया हैं।

बोर्ड अध्यक्ष ने बताया कि सीनियर सैकेण्डरी (शैक्षिक) परीक्षा में **2,57,116** परीक्षार्थी प्रविष्ठ हुए थे, जिनमें से **2,09,933 उत्तीर्ण हुए** तथा **47,183 परीक्षार्थी अनुत्तीर्ण रहे।** इस परीक्षा में **1,25,696** प्रविष्ठ छात्राओं में से **1,09,491** पास हुई, इनकी पास प्रतिशतता **87.11** रही, जबकि **1,31,420** छात्रों में से **1,00,442** पास हुए, इनकी पास प्रतिशतता **76.43** रही। इस प्रकार छात्राओं ने छात्रों से **10.68** फीसदी ज्यादा पास प्रतिशतता दर्ज कर बढ़त हासिल की है।

डॉ. यादव ने आगे बताया कि इस परीक्षा में राजकीय विद्यालयों की पास प्रतिशतता **80.66** रही तथा प्राईवेट विद्यालयों की पास प्रतिशतता **83.23** रही है। इस परीक्षा में ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों की पास प्रतिशतता **83.51** रही है, जबकि शहरी क्षेत्र के विद्यार्थियों की पास प्रतिशतता **77.70** रही है।

उन्होंने बताया कि सीनियर सैकेण्डरी परीक्षा के स्वयंपाठी परीक्षार्थियों का परिणाम **52.44** प्रतिशत रहा है। इस परीक्षा में **3,587** परीक्षार्थी प्रविष्ठ हुए जिनमें से **1,881** पास हुए।

बोर्ड सचिव श्री कृष्ण कुमार, ह.प्र.से. ने बताया कि यह परिणाम आज सायं से संबंधित विद्यालयों/संस्थाओं द्वारा बोर्ड की वेबसाईट पर जाकर अपनी यूजर आईडी व पासवर्ड द्वारा लॉगिन करते हुए डाऊनलोड भी किया जा सकेगा। कोई विद्यालय अगर समय पर परिणाम प्राप्त नहीं करता है तो इसके लिए वह स्वयं जिम्मेवार होगा।

उन्होंने बताया कि स्वयंपाठी परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक अथवा नाम, पिता का नाम, माता का नाम व जन्म तिथि भरते हुए परीक्षा परिणाम देख सकते हैं। विद्यालयी परीक्षार्थी भी अपना परिणाम अनुक्रमांक व जन्म तिथि भरते हुए देख सकते हैं। किसी भी प्रकार की तकनीकी खराबी/त्रुटि के लिए बोर्ड कार्यालय जिम्मेवार नहीं होगा।

बोर्ड सचिव ने बताया कि इन परीक्षा परिणामों के आधार पर जो परीक्षार्थी अपनी उत्तरपुस्तिकाओं की पुन: जाँच अथवा पुनर्मूल्यांकन करवाना चाहते हैं तो वे निर्धारित शुल्क सहित परिणाम घोषित होने की तिथि से 20 दिन तक ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं।